प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 29.05.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **सर्वोच्च न्यायालय ने सभी उच्च न्यायालयों को फैसले सुरक्षित रखने के तीन महीने के भीतर फैसला सुनाने का दिया निर्देश।**

2. **केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा में विकास योजनाओं की समीक्षा की, कहा– केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर योग्य व्यक्ति तक पहुंचे।**

3. **मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में सहयोग की अपील की।**

4. **झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज, कांग्रेस ने एक सीट पर दावा जताया, झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता दोनों सीटों पर पार्टी उम्मीदवार उतारने के पक्ष में।**
5. **आईपीएल क्रिकेट के दूसरे क्वालीफायर में आज गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच होगा मुकाबला**

****

सर्वोच्च न्यायालय ने आज देश के सभी उच्च न्यायालयों को फैसले सुरक्षित रखने के तीन महीने के भीतर उसे सुनाने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने कहा कि फैसलों में देरी से याचिकाकर्ताओं को अपूरणीय क्षति हो सकती है। एक रिपोर्ट –

****

कोडरमा समाहरणालय में आज केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक हुई। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और बिजली विभाग समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और सभी योग्य लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में सहयोग की अपील की है। राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर 23 मई से अन–मैप्ड मतदाताओं की सूची प्रकाशित है। सभी मतदाताओं से आग्रह किया गया है कि अपनी सुविधानुसार उक्त सूची का अवलोकन करते हुए बीएलओ के माध्यम से मैपिंग की प्रक्रिया में भाग लें। एक रिपोर्ट–

****

झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राज्यसभा की दो सीटों के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन में मंथन जारी है। आज रांची पहुंचने के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि दो सीटों में से एक सीट गठबंधन के सहयोगी दल के रूप में कांग्रेस को मिलनी चाहिए।

इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग है कि दोनों सीटों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा का ही उम्मीदवार हो।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लु भट्टी विक्रमार्क, झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू और झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह नेताओं की शिष्टाचार भेंट थी।

****

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का पर्याप्त भंडार है और सभी शोधन संयंत्र अधिकतम स्तर पर काम कर रहे हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में अंतर मंत्रालय संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में प्रति दिन 92 हजार मीट्रिक टन रसोई गैस का उत्पादन हो रहा है जो अब तक का सर्वोच्च स्तर है।

****

पलामू प्रमंडल के बूढ़ा पहाड़ इलाके में जनगणना कार्य सामान्य तरीके से शुरू हो गया है। पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक किशोर कौशल ने बताया कि इस बार क्षेत्र की स्थिति पूरी तरह बदली हुई है और जनगणना कर्मियों को नक्सलियों का खतरा नहीं है।

****

रांची पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के संगठन प्रमुख और दस लाख रुपये के इनामी उग्रवादी अमृत होरो को गिरफ्तार किया है। रांची एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि अमृत होरो हत्या, रंगदारी, लेवी वसूली, फायरिंग और आगजनी जैसी घटनाओं में शामिल रहा है।

****

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने आज नई दिल्ली में तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान ऐप के प्रायोगिक संस्करण का शुभारंभ किया। इस डिजिटल एप्लिकेशन का उद्देश्य देश भर के स्कूलों और कॉलेजों को तंबाकू मुक्त बनाना है।

****

झारखंड में आज और कल मौसम आमतौर पर गर्म और उमस भरा रहने की संभावना है। हालांकि, राज्य के कुछ हिस्सों में गरज–चमक के साथ हल्की बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार, पलामू, गढ़वा और डाल्टनगंज समेत उत्तर–पश्चिमी जिलों में भीषण गर्मी और लू का असर जारी रहेगा।

****

आईपीएल क्रिकेट में आज दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में गुजरात टाइटंस का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। यह मैच न्यू चंडीगढ़ में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। इस मुकाबले की विजेता टीम फाइनल में पहुंचकर खिताब के लिए मुकाबला करेगी।

********समाप्त********